>

Title: Need to include villages of Udhampur district under Rajiv Gandhi Electrification Scheme.

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर): सर, आपकी बड़ी मेहरबानी आपने हमें बोलने का मौका दिया। आपको मैं बताना चाहूंगा कि हमारे पूरे कंट्री में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना जो बनी हुई है, इस योजना में पूरे देश को, जो इलाके डिप्राइव्ड थे, जहां बिजली नहीं थी, उनको जोड़ने का एक प्लान बनाया गया। उसके मुताबिक काम भी हुआ। मैं बताना चाहता हूं कि उससे हमारी पूरी कंट्री के काफी ऐसे गांव जो इस प्रोजेक्ट में नहीं डाले गए थे, उसमें मेरी कंस्टीटयुन्सी भी है, मेरी स्टेट भी है। वे उसमें नहीं डाले गए। वे उससे बाहर हो गए। इन्होंने इलेक्ट्रीफाइड करने का जो काम लगाया, उसमें से भी बहुत-से काम रह गए। इन्होंने क्या किया कि इन्होंने आगे काम एनएचपीसी को दिया। एनएचपीसी ने आगे एलएण्डटी को दिया। एलएण्डटी ने आगे लोकल लोगों से काम करवाया। जिस पोल पर एक रुपया लगना था, उस पर हजार रुपया लगना शुरू हो गया और हमारा जितना पैसा सैंक्शन था, जितना काम था, वह थोड़े ही गांवों में सिमट कर रह गया।

मेरी ज़नाब से विनती है कि जो गांव बिजली से छूट गये और जो गांव इसमें इन्क्लूड नहीं हुए, उसके लिए सरकार अब क्या करेगी? मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि इस पर ध्यान दिया जाए।